# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–08.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत मंत्रालयों को आपात तैयारी और समन्वय बढ़ाने के दिए निर्देश, कहा–आपात तैयारी, सूचना प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाने पर दिया जाएगा ज़ोर।**
2. **रांची में 10 मई को होनेवाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रद्द, केंद्र गृहमंत्री अमित शाह का दौरा टला, केंद्र ने संबंधित राज्यों को भेजी जानकारी।**
3. **राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई संपन्न, वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय नामकरण, बालू घाटों की नीलामी सहित 34 प्रस्वातों को मिली मंजूरी।**
4. **धनबाद में डॉक्टरों द्वारा एक महिला के साढ़े सात किलो ट्यूमर का किया गया सफल ऑपरेशन, बनाए दो विश्व रिकॉर्ड, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा–झारखंड की स्वास्थ्य प्रबंधन की जीत है।**
5. **खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड की साइक्लिंग टीम ने 6 पदक जीत कर किया शानदार प्रदर्शन, 16 अंकों के साथ बालिका टीम बनी विजेता।**

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने परिचालन निरंतरता और संस्थागत परिवर्तनशीलता को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालय की योजना और तैयारी की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान आपात तैयारी, सूचना प्रबंधन , नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना तथा प्रसारण, बिजली, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल हुए।

****************

ऑपरेशन सिंदूर पर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के दर्जन भर से ज्यादा नेता शामिल हुए। श्री सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में उन्हें जानकारी दी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

****************

पाकिस्तान और पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले ने पाकिस्तान को हताश कर दिया है और वह झूठी खबरें तथा गलत सूचनाएँ फैलाने का सहारा ले रहा है। मीडिया को गुमराह करने, तथ्यों को तोड–मरोड कर पेश करने और जनता की धारणा में हेरफेर करने के पाकिस्तान के जानबूझकर किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है।

पाकिस्तान द्वारा सोशल मीडिया पर किये जा रहे दुष्प्रचार की इस घडी में श्रोताओं के लिए यह जरूरी है कि वे हर सूचना की सावधानीपूर्वक जांच करें। अगर आपको भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से जुड़ी कोई संदिग्ध जानकारी मिलती है तो आप इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को दें। आप ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नंबर 8799711259 और ईमेल आईडी–socialmedia@pib.gov.पद पर भी साझा कर सकते हैं।

****************

केंद्र सरकार ने 10 मई को रांची में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रद्द कर दी है। यह निर्णय भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति को देखते हुए लिया गया है। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को शामिल होना था, लेकिन अब वे रांची नहीं आएंगे। बैठक के रद्द होने की जानकारी केंद्र सरकार ने संबंधित राज्यों को भेज दी है।

****************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में आज कुल 34 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधु भगत विश्वविद्यालय रखा जाएगा। इसके साथ ही झारखंड पुलिस ट्रेड संवर्ग 2025 के गठन को स्वीकृति

मिली, जिसमें 50: सीधी नियुक्ति का प्रावधान होगा। वहीं, अब जेएसएमडीसी बालू घाटों की नीलामी नहीं करेगा, बल्कि जिला स्तर से झारखंड सेंड माइंस रूल 2025 के तहत ऑक्शन होगा।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आदिवासी और सरना धर्म कोड की मांग को लेकर तय किए गए आंदोलन कार्यक्रम को फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि देश में उत्पन्न वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए यह आंदोलन स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी स्पष्ट किया कि आदिवासी और सरना धर्म कोड की मांग एक गंभीर मुद्दा है। लेकिन यह समय भारतीय सेना के साथ खड़े होने का है।

***************

रांची में मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षा हुई। बैठक में 7 हजार 139 गांवों के 49 लाख 76 हजार जनजातीय लोगों के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर योजनाओं के समन्वय और संसाधनों की उपलब्धता को गति देने पर जोर दिया गया।

***************

धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉ. अली जैद अनवर ने एक महिला के पेट से सात किलो पांच सौ ग्राम वजनी ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला, और दो विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि झारखंड के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

***************

राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के लापुंग प्रखंड में तीन सरकारी स्कूलों के लिए भवन निर्माण का शिलान्यास किया। स्कूल भवनों का निर्माण 1 करोड़ 17 लाख 82 हजार रुपये की लागत से होगा। मौके पर मंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित समाज की नींव है और इसके लिए सभी को साक्षरता बढ़ाने की दिशा में प्रयास करना होगा।

***************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड की साइक्लिंग टीम ने 3 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। बालिका टीम 16 अंकों के साथ विजेता बनी, जबकि बालक टीम उपविजेता रही।

***************